प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 01.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित थीं। इधर प्रदेश में भी जन औषधि सप्ताह के तहत उच्च गुणवत्ता की सस्ती जैनरिक दवाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने और जन सहभागिता बढाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सवाईमाधोपुर में जन चेतना रैली निकाली गई। रैली में नर्सिंग महाविद्यालय और एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के विधार्थियों ने लोगों को प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र से सस्ती जैनरिक और गुणवत्तापूर्ण दवाएं खरीदने का संदेश दिया।

00000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में राज्य स्तरीय आरोग्य मेला आरोग्यम—2025 का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा ने भगवान धनन्वन्तरी के पूजन से मेले का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोग जीवनशैली में बदलाव कर बहुत से रोगों से बच सकते है। उन्होंने लोगो से मेले में आकर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का लाभ लेने का आह्वान किया। श्री बैरवा ने कहा कि प्राचीन आयुष पद्धति को तकनीक के साथ जोडकर विश्व को स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दे सकते है।

00000

समारोह में सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। 4 मार्च तक चलने वाले इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और नेचुरोपैथी पद्धतियों द्वारा कई तरह बीमारियों के लिए परामर्श और उपाचार दिया जायेगा। संभाग स्तर पर भी आरोग्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जैसलमेर में चल रहे संभागस्तरीय आरोग्य मेले में बडी संख्या में मरीज पंहुच रहे है।

00000

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की अवधि को 10 मार्च तक बढ़ाया गया है। पहले यह अवधि 28 फरवरी तक ही थी। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि खरीद की अवधि बढ़ाये जाने से पंजीकरण करवा चुके किसान बिना किसी बाधा के अपनी उपज को बेच पायेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था, जिसे मंत्रालय ने मंजूर कर दिया है। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र किसानों से नियमानुसार तुलाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

000000

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण—जीएसआई अपनी 175 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कल जयपुर में वॉकथॉन का आयोजन करेगा। यह वॉकथॉन सुबह 6 बजे पत्रिका गेट पर "भूतत्व विज्ञान – सुरक्षित दुनिया के लिए" थीम के तहत आयोजित की जाएगी, जो स्थिरता और सुरक्षा में भूतत्व विज्ञान के महत्व को रेखांकित करेगी। इसमे जीएसआई के कर्मचारी, उनके परिवार और आम नागरिक भाग लेंगे। इसके साथ ही 4 मार्च को, जीएसआई जयपुर के झलाना डूंगरी कार्यालय में प्रदर्शनी और ओपन डे का आयोजन किया जायेगा।

0000

प्रदेश में रमजान के मुबारक महीने का चांद कल नजर नहीं आया। अब विशेष नमाज के साथ आज शाम से रमजान महीने की शुरूआत होगी। कल पहला रोजा रखा जायेगा। हिलाल कमेटी, राजस्थान के समन्वयक काजी खालिद उस्मानी ने यह जानकारी दी। रमजान के पवित्र महीने के लिए मुस्लिम धर्मावलम्बियों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।

00000

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई तथा कुछ स्थानों पर ओले गिरे। सबसे ज्यादा 28 मिलीमीटर पानी चूरू में बरसा, झुंझुनूं के चिडावा में 18 मिलीमीटर बरसात हुई। कल बीकानेर और चुरू में ओले गिरे। चुरू की रतनगढ तहसील के कुछ गांव और बीकानेर के लूणकरणसर में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका है। झुंझुनूं के सूरजगढ और चिडावा इलाके में भी कल रात ओले गिरे। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं। विभाग ने कहा है कि कल से न्यूनतम में 2 से 4 डिग्री की गिरावट तथा अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

00000